(राजस्थान सरकार)

## न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, बुहाना जिला झुंझुनूं

पीठासीन अधिकारीः–
हेमन्त कुमार, आर.ए.एस.

मुकदमा नम्बर– 131 / 2023 जी.सी.एम.एस नम्बर :– 2023 / 581

1. हरीराम पुत्र गुलाराम
2. मिश्री पुत्री गुलाराम
3. मेवली पुत्री गुलाराम
4. बनारसी पुत्री गुलाराम
5. नानूड़ी पुत्री गुलाराम
6. महीपाल पुत्र चन्दगीराम
7. मालाराम पुत्र चन्दगीराम
8. मिश्रो पुत्री चन्दगीराम
9. मोहर सिंह पुत्र चन्दगीराम
10. रामनिवास पुत्र चन्दगीराम
11. रामरतन पुत्र चन्दगीराम
12. चोथमल पुत्र माडुराम
13. जमनाराम पुत्र नरसीराम
14. फुलचन्द पुत्र नरसीराम
15. बृज मोहन पुत्र नरसीराम
16. भोमा देवी पत्नी माडुराम
17. लीलाराम पुत्र नरसीराम
18. शारदा पुत्री नरसीराम
19. सतपाल पुत्र माडुराम
20. दयालाराम पुत्र बेगराज जाति माली निवासीगण लाडी का बास तहसील बुहाना जिला झुंझुनू (राज0)

.........................प्रार्थी

**– ब ना म –**

1. प्रबन्धक बडोदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा सिघांना तहसील बुहाना जिला झुंझुनू (राज0)
2. प्रबन्धक सैन्ट्रल बैक ऑफ इण्डीया शाखा सिघांना
3. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार बुहाना तहसील बुहाना जिला झुंझुनू (राज.)

.........................अनावेदकगण

Signature Not Verified
Digitally signed by Hemant Kumar
Date: 2024.09.09 12:19:23 IST
Reason: SelfAttested

**प्रार्थना पत्र धारा 131 भू राजस्व अधिनियम**
**बाबत रास्ता राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाने बाबत**

उपखण्ड अधिकारी, बुहाना, जिला झुंझुनूं (राज.)

उपखण्ड अधिकारी बुहाना
जिला झुन्झुनूं (राज.)

उपस्थित अधिवक्ता :–

प्रार्थीगण की ओर से – श्री महेश सांखला अधिवक्ता

–: निर्णय :–

दिनांक :– 02/8/24

**आवेदकगण की ओर से आवेदन पत्र निम्न प्रकार रहा किः–**

1. यह कि वाके ग्राम लाडी का बास पटवार मण्डल थली तहसील बुहाना में स्थित भूमि आम सडक लाडी का बास से सहड जाने वाली पुख्ता सडक के पूर्वी तरफ हाल ख0 न0 120, 202/120, 119, 154/123, 118, 200/118, 201/118 की मध्य सीमओं के दोनों तहफ 12 फुट चौड़ा रास्ता मौके पर आवेदकगण ने अपनी अपनी खातेदारी की भूमियों में से काश्त हेतु रास्ता को मौके पर चालू कर उपयोग व उपभोग में लेते आ रहे है। जो वर्तमान में नकल नक्शा किस्तवार ग्राम लाडी का बास तहसील बुहाना में लाल स्याही से डोट डोट लाईनों से दर्ज किया है। उक्त रास्ता पक्की सडक से ख0 न0 124 में चला जाता है।
2. यह कि आवेदक पत्र के खण्ड नं0 1 में वर्णित रास्ते को नजरी नक्शों में XY मार्क से दर्शाया गया है जो आवेदक के साथ सलग्न है।

**अतः आवेदन पत्र पेश कर निवेदन हैं**

यह कि वाके ग्राम लाडी का बास पटवार मण्डल थली तहसील बुहाना में स्थित भूमि हाल ख0 न0 118, 200/118, 201/118 की उतरी सीमा के सहारे सहारे 6 फुट भूमि व हाल ख0 न0 120, 202/120, 119, 154/123, की दक्षिणी सीमा के सहारे सहारे 6 फुट यानि कुल 12 फुट चौड़ाई में रास्ता नक्शा ट्रेस में दर्ज किये जाने की कृपा करे उक्त रास्ते को नजरी नक्शा ट्रेस में लाल स्याही मे XY मार्क के अनुसार दर्ज करने की कृपा करे।

आवेदन पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण की तलबी जारी की गई । अप्रार्थीगण की और से कोई उपस्थित नही आया वकील प्रार्थी ने सम्बन्धित प्रार्थना पत्र के साथ एल.आर की धारा 131 में प्रार्थना पत्र पेश किया कि सभी काश्तकार सहमत है तथा रास्ता नया नहीं चाहियें अपितु चालु रास्तों को सहमति से राजस्व रिकार्ड में अकंन चाहते है उपस्थित पक्षकारों ने सहमति पेश कि कोई भी ऐतराज पेश नही किया। नायब तहसीलदार सिघांना की रिपोर्ट पत्रांक 291 दिनांक 02.05.2024 की रिपोर्ट भी सलंग्न जिसमें रास्ता सहमति से चाहा गया है। नजरी नक्शा भी पेश है। अतः अभिशषा की जाती है।

(3) न्यायालय द्वारा तहसीलदार बुहाना से मौका रिपोर्ट हेतु पत्रांक 537 दिनांक 11.09.2023 के द्वारा पत्र भिजवाया गया। तहसीलदार बुहाना के पत्रांक 993 दिनांक 06.05.2024 के द्वारा मौका रिपोर्ट प्राप्त हुई। तहसीलदार बुहाना की मौका रिपोर्ट रही की –

**बहस सुनी गई।** पत्रावली पर उपलब्ध प्रस्तुत दस्तावेजात का ध्यानपूर्वक अवलोकन एवं बहस पर मनन किया गया। प्रार्थीगण द्वारा सहमति से रास्ता चाहा गया है। वकील प्रार्थी की बहस, समस्त काश्तकारो की सहमति, मौके पर रास्ता चालू स्थिति, तहसीलदार बुहाना की रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र एल.आर. 131 में स्वीकार किया जाता है। तथा धारा 251 (क) अस्वीकार किया जाता है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Hemant Kumar
Date: 2024.09.09 12:19:23 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी बुहाना
जिला झुन्झुनूं (राज.)

तहसीलदार बुहाना की मौका रिपोर्ट के अनुसार, आपसी सहमति पर प्रार्थीगण को लाडी का बास पटवार मण्डल थली तहसील बुहाना में स्थित भूमि हाल ख0 न0 118, 200/118, 201/118 की उतरी सीमा के सहारे सहारे 6 फुट भूमि व हाल ख0 न0 120, 202/120, 119, 154/123, की दक्षिणी सीमा के सहारे सहारे 6 फुट यानि कुल 12 फुट चौड़ाई चौड़ाई का रास्ता दर्ज करे। रास्ता सार्वजनिक रास्ता रहेगा जो कि गैर मुमकीन रास्ते के रूप में दर्ज होगा ।

## आदेश

''न्यायालय प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित पाता है। अतः वाके ग्राम लाडी का बास पटवार मण्डल थली तहसील बुहाना में स्थित भूमि हाल ख0 न0 118, 200/118, 201/118 की उतरी सीमा के सहारे सहारे 6 फुट भूमि व हाल ख0 न0 120, 202/120, 119, 154/123, की दक्षिणी सीमा के सहारे सहारे 6 फुट यानि कुल 12 फुट चौड़ाई का रास्ता सहमति से राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने के आदेश दिए जाते है। जिसको नजरी नक्शे में लाल सुर्ख से दर्शाया गया है। जिसको रास्ता के लिए दर्ज करने के आदेश दिये जाते है। नक्शा ट्रेस प्रदर्श –''अ'' के अनुसार दिए जाने के आदेश दिये जाते हैं। रास्ते की भूमि की किस्म राजस्व रिकॉर्ड में ''सार्वजनिक रास्ते'' के रूप मे दर्ज किये जाने के आदेश दिया जाता है। तहसीलदार बुहाना को आदेशित किया जाता है कि राजस्व रिकॉर्ड में अमल व तरमीम करे। रास्ता के सीमा चिन्ह कायम किए जावे। तहसीलदार बुहाना का नक्शा ट्रेस प्रदर्श –''अ'' निर्णय का अभिन्न अंग रहेगा। रहन यदि कोई हो तो रास्ता में जाने वाला रकबा रहन से मुक्त माना जावे''।

(हेमन्त कुमार)
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलक्टर, बुहाना

उपखण्ड अधिकारी बुहाना
जिला झुंझुनूं (राज.)

उपखण्ड अधिकारी
बुहाना, जिला झुंझुनूं (राज.)

निर्णय आज दिनांक 02/8/24 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर, बाद मेरे हस्ताक्षर इस न्यायलय के मुद्राकित सरे इजलास सुनाया गया।

(हेमन्त कुमार)
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलक्टर, बुहाना

उपखण्ड अधिकारी बुहाना
जिला झुंझुनूं (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Hemant Kumar
Date: 2024.09.09 12:19:23 IST
Reason: SelfAttested